

संख्या - 25
जून, 2025

# अकादमी न्यूज़

## डॉ0 आर0 एस0 टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल

**संरक्षक**
बी0 पी0 पाण्डेय, महानिदेशक
आर0 डी0 पालीवाल, अपर निदेशक
**सम्पादक**
डॉ0 महेश कुमार, संयुक्त निदेशक
**प्रारूप**
आनन्द कुमार
**सहयोग**
ऋचांशु शर्मा, उप निदेशक (वित्त)
मनोज कुमार, योगेश कुमार

**हमारा ध्येय**

हम लोक सेवकों, व्यावसायिकों, विकास कार्मिकों एवं जन–प्रतिनिधियों में कुशल कार्य निष्पादन हेतु क्षमता विकास का कार्य करते हैं।

**हमारी संकल्पना**

हम लोक प्रशासन एवं विकास में संलग्न संस्थाओं एवं व्यक्तियों के क्षमता विकास के क्षेत्र में (प्रशिक्षण एवं परामर्श) सेवाएँ प्रदान करने वाली एक आत्मनिर्भर, अग्रणी एवं उत्कृष्ट संस्था बनने की संकल्पना करते हैं।

## 56th Induction Course



अकादमी में दिनांक 12 मई, 2025 से 10 जून, 2025 की अवधि में एक माह का 56वाँ सेवा प्रवेश प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राज्य के निर्माण को गति प्रदान करने के लिए लोक निर्माण विभाग की अहम् भूमिका है। अतः यह सेवा प्रवेश प्रशिक्षण कार्यक्रम लोक निर्माण विभाग उत्तराखण्ड में कार्यरत 40 कनिष्ठ अभियन्ताओं हेतु आयोजित किया गया।

## Evaluation of Training (EoT)



अकादमी में दिनांक 02–06 जून 2025 एवं 23–27 जून, 2025 की अवधि में डी.ओ.पी.टी., भारत सरकार की ओर से प्रायोजित Evaluation of Training (EoT) विषयक दो प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रमों में उत्तराखण्ड के विभिन्न विभागों के 29 अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों की प्रशिक्षणों के मूल्यांकन हेतु गुणवत्ता में अभिवृद्धि करना था, जिससे वे अपने विभाग या अन्य विभागों/संस्थानों में प्रशिक्षण कार्यक्रमों को उचित तरीके से संचालित एवं मूल्यांकित कर सके। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में डी.ओ.पी.टी. द्वारा मान्यता प्राप्त मास्टर ट्रेनर द्वारा वार्ताएं प्रदान की गयी।

## Landslide and Safe Hill Areas Practices in Uttarakhand



आपदा प्रबन्धन प्रकोष्ठ द्वारा दिनांक 09–11 जून 2025 की अवधि में "Landslide and Safe Hill Areas Practices in Uttarakhand" विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन अकादमी, नैनीताल में किया गया। उत्तराखण्ड राज्य हिमालयी क्षेत्र के अन्तर्गत आने के कारण यहाँ भूस्खलन की घटना अधिकतर होती रहती हैं। जिससे प्रायः जान–माल की हाँनि होने के साथ–साथ प्रायः मार्ग अवरूद्ध हो जाने से आबादी क्षेत्रों में माँग–पूर्ति का संतुलन बिगड़ जाता है। जिसके दृष्टिगत् इस प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य भूस्खलन द्वारा उत्पन्न समस्याओं का निवारण एवं तैयारियों हेतु विभिन्न गतिविधियों का विवेचन करना था। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्तराखण्ड राज्य से कुल 26 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## Uniform Civil Code (UCC)



डॉ0 आर0एस0 टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल में दिनांक 11–13 जून, 2025 के मध्य उत्तराखण्ड समान नागरिक संहिता (Uniform Civil Code) के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षित मास्टर प्रशिक्षक जनपद स्तर पर समान नागरिक संहिता अन्तर्गत नामित रजिस्ट्रार, उप रजिस्ट्रारों एवं अन्य अधिकारियों को प्रशिक्षित करेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में गढ़वाल मण्डल के 22 अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

**इंतजार करने वालों को उतना ही मिलता है जितना कोशिश करने वाले छोड़ देते हैं: एपीजे अब्दुल कलाम**

**प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य –**

- उत्तराखण्ड समान नागरिक संहिता के विधिक और परिचालन (Operating) सम्बन्धी पहलुओं की समग्र समझ प्राप्त करना।
- उत्तराखण्ड समान नागरिक संहिता के अंतर्गत विभिन्न पंजीकरण प्रक्रियाओं यथा विवाह पंजीकरण, विवाह विच्छेद, सहवासी पंजीकरण, सहवासी सम्बन्ध समाप्ति प्रक्रियाओं में दक्षता विकसित करना।
- प्रशिक्षकों में बुनियादी प्रशिक्षण कौशल विकसित करना।

## ToT for CDPOs and DPOs



अकादमी में महिला सशक्तीकरण एवं बाल विकास विभाग, देहरादून द्वारा प्रायोजित Training of Trainers (ToT) for CDPOs and DPOs on the POSH Act, Domestic Violence Act and Child Marriage Act विषयक चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 03–06 जून, 2025 के मध्य सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम बाल विकास परियोजना अधिकारी और जिला कार्यक्रम अधिकारी को कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013, महिलाओं का घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम, 2005 और बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सशक्त बनाने हेतु डिजायन किया गया था। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 24 अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

**प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य –**

- अधिनियमों की कानूनी प्रावधानों, भूमिकाओं और जिम्मेदारियों की गहन जानकारी प्रदान करना।
- आंतरिक शिकायत समिति, स्थानीय शिकायत समिति और संरक्षण अधिकारियों के बीच समन्वय स्थापित करना।
- कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न, घरेलू हिंसा और बाल विवाह की रोकथाम हेतु सामुदायिक जागरूकता बढ़ावा।
- निगरानी, रिपोर्टिंग और डेटा प्रबंधन प्रणालियों को मजबूत करना।

## 3rd Special Induction Course for Junior Engineer for Awas Department



डॉ0 आर0 एस0 टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी नैनीताल, सी.जी.जी., अन्तर्गत ''**विशेष सेवा प्रशिक्षण कार्यक्रम**'' कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 16 जून से 15 जुलाई, 2025 की अवधि में किया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में 44 अवर अभियन्ताओं हेतु 17 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम अकादमी परिसर में एवं 13 दिवसीय शैक्षिक भ्रमण (देहरादून, शिमला, चंडीगढ़ एवं नोएडा में) प्रस्तावित है।

**प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य–**

- प्रशासन तंत्र की आवश्यकताओं व जन अपेक्षाओं के अनुरूप कार्मिकों की क्षमताओं को विकसित करना।
- कार्मिको में प्रदेश की विभिन्न सेवाओं के अन्तरसम्बन्धों, पारस्परिक निर्भरता के महत्व एवं उनके व्यवहार की समझ विकसित करना।
- कार्मिकों को व्यवसायिक, प्रशासनिक एंव मानवीय मूल्यों के विकास के प्रति अभिप्रेरित करना।

## Direct Training Skills (DTS )



अकादमी में दिनांक 16 से 20 जून, 2025 के मध्य भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा प्रायोजित 05 दिवसीय डायरेक्ट ट्रेनर स्किल्स (डी०टी०एस०) प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विभिन्न विभागों एवं प्रशिक्षण संस्थानों में तैनात प्रशिक्षकों तथा ऐसे अधिकारियों/कार्मिकों हेतु निर्धारित है, जिनके द्वारा प्रशिक्षण प्रदान करने का कार्य किया जाता है।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण का व्यवस्थित दृष्टिकोण, सीखने के प्रकार तथा प्रशिक्षण की मुख्य 04 विधाओं यथा कोचिंग, लेक्चर, समूह चर्चा व समूह गतिविधि को सम्मिलित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त 04 रिकॉग्नाईज्ड ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान करते हुए प्रतिभागियों को सैद्धांतिक ज्ञान को व्यवहारिक रूप से अभ्यास करने का भी अवसर प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्तराखण्ड राज्य के विभिन्न विभागों के कुल 24 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## अकादमी में मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा समीक्षा बैठक



दिनांक 06 जून, 2025 को मा0 मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी की अध्यक्षता में कुमाँऊ मण्डल के विभिन्न जनपदों के प्रशासनिक अधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों हेतु अकादमी में समीक्षा बैठक आहूत की गयी। जिसमें कुमाँऊ मण्डल के विभिन्न अधिकारियों यथा कुमाँऊ कमिश्नर, डी.आई.जी, विभिन्न जनपदों के जिलाधिकारी तथा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त बैठक में मा0 मुख्यमंत्री द्वारा सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन प्रतिनिधि एवं अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए जनता की समस्याओं के समाधान हेतु जनता दरबार, चौपालों व कैम्पों के माध्यम से सीधे संवाद स्थापित कर त्वरित समाधान करें तथा धरातल पर योजनाओं का त्वरित क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

## Training Programme on Poshan Tracker Application and Recent Advancements



राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार एवं सेन्टर फॉर गुड गवर्नेन्स, डॉ. आर. एस. टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल के मध्य माह जून, 2025 में क्षमता संवर्धन एवं कौशल विकास सम्बन्धी समझौता पत्र हस्ताक्षर किया गया। जिसके क्रम में अकादमी में राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित "Poshan Tracker Application and Recent Advancements for the functionaries of Anganwadi Service Scheme under Mission Poshan" सम्बन्धी 02 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 16–17 जून, 2025 के मध्य किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्तराखण्ड के कुल 20 जिला कार्यक्रम अधिकारियों एवं बाल विकास परियोजना अधिकारियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

**प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य –**

- कुशल सेवा प्रदान करने के लिए पोषण ट्रैकर एप्लिकेशन की मुख्य विशेषताओं और कार्यात्मकताओं पर प्रतिभागियों की समझ को बढ़ाना।
- बेहतर पारदर्शिता और डेटा–संचालित निर्णय लेने के लिए पोषण ट्रैकर का उपयोग करके वास्तविक समय में डेटा प्रविष्टि, निगरानी और रिपोर्टिंग सम्बन्धी क्षमता निर्माण करना।
- मिशन पोषण ढांचे के तहत आंगनवाड़ी सेवा योजना कवरेज में एकीकृत हालिया प्रगति और अपडेट के साथ प्रतिभागियों को परिचित कराना।

## Urban Infrastructure Resilience: Focus on Earthquake, Fire and Urban Flooding



आपदा प्रबन्धन प्रकोष्ठ द्वारा दिनांक 26–28 जून 2025 की अवधि में "Urban Infrastructure Resilience: Focus on Earthquake, Fire and Urban Flooding" विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन अकादमी, नैनीताल में किया गया। सम्पूर्ण विश्व में भूकम्प, अग्निकांड तथा शहरों में बाढ़ के गम्भीर खतरे उत्पन्न हो रहे हैं। विशेषकर जब शहर घने होते जा रहे हैं और जलवायु परिवर्तन तेजी से हो रहा है। इन समस्याओं के दृष्टिगत् इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों की सुरक्षा, न्यूनतम आर्थिक क्षति, सुरक्षित शहरीकरण के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्तराखण्ड राज्य से कुल 28 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## Leadership Development Programme

डॉ० आर० एस० टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल में दिनांक 26 जून, 2025 से 28 जून, 2025 की अवधि में उत्तराखण्ड राज्य के विभिन्न विभागों के अधिकारीगणों (श्रेणी 'क' एवं 'ख') हेतु तीन दिवसीय "Leadership Development Programme" प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिक्षा, परिवहन, श्रम, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, ग्रामीण निर्माण, उद्योग, पशुपालन, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, चिकित्सा आदि विभागों के कुल 22 अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।



हर वो चीज जहर है जो आवश्यकता से अधिक है फिर चाहे धन हो, भूख हो या फिर ताकत : महात्मा बुद्ध

उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में महत्वपूर्ण विषयों जैसे Planning, Goal Setting & Monitoring skills, Team Building & Leadership Development, Motivating Self and others, Conflict Management, Concept of Coordination and Cooperation, Time Management, Stress Management, Emotional Intelligence, Problem Solving and Decision-Making, Managerial Ethics & Values, Interpersonal Effectiveness, Communication Skills आदि पर प्रतिभागी अधिकारियों का ज्ञानवर्धन किया गया।

## Training on 'Registration of Birth and Death Act 1969 and CRS Portal'



डॉ0 आर0एस0 टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल में दिनांक 30 जून, 2025 से 02 जुलाई, 2025 के मध्य कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, (DoPT) भारत सरकार द्वारा प्रायोजित 'Registration of Birth and Death Act 1969 and CRS Portal' विषयक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में जन्म मृत्यु पंजीकरण के महत्व एवं नीति निर्धारण, इसकी भूमिका सहित जन्म मृत्यु पंजीकरण अधिनियम–1969 के प्रावधानों एवं सी0आर0एस0 पोर्टल पर विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में जन्म मृत्यु पंजीकरण अधिनियम–1969 के आलोक में नामित उत्तराखण्ड के शहरी विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के रजिस्ट्रारों/सहायकों सहित कुल 24 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

**प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य–**

- जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 एवं सीआरएस पोर्टल के सम्बन्ध में प्रतिभागियों की समझ को बेहतर बनाना।
- जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण के लिए विकसित सिविल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (CRS) पोर्टल के उपयोग सम्बन्धी कौशल विकसित करना।

## Training on Sevottam



डॉ. रघुनन्दन सिंह टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल द्वारा "Sevottam : Towards Digital Service Delivery & Case Studies of Best Governance Practices" प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 30 जून से 02 जुलाई, 2025 की अवधि में किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न सेवा प्रदात्ता, विभागों यथा–राजस्व विभाग, पेयजल, वन विभाग, उद्यान, सिंचाई, जिला स्तरीय, विकास प्राधिकरण, शहरी विकास विभाग के 19 श्रेणी 'क' व 'ख' के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विभिन्न सेवाप्रदाता विभागों के अधिकारियों द्वारा गुणवत्तापूर्ण सेवा उपलब्ध कराने हेतु प्रशिक्षित करते हुए उनकी क्षमता में गुणोत्तर वृद्धि करना था, जिससे कि नागरिकों को निर्धारित समयान्तर्गत विभिन्न सेवाऐं उपलब्ध कराते हुए शिकायतों में कमी लायी जा सके।



## अपर निदेशक श्री आर0 डी0 पालीवाल को दी गयी भावभीनी विदाई

दिनांक 30 जून, 2025 को अकादमी में कार्यरत अपर निदेशक श्री आर0 डी0 पालीवाल को उनकी सेवानिवृति पर भावभीनी विदाई दी गयी। अकादमी महानिदेशक महोदय द्वारा श्री पालीवाल जी को उनके उज्जवल भविष्य एवं अच्छे स्वास्थ्य की शुभकामनाऐं दी गई तथा अकादमी संकाय सदस्यों के साथ मिलकर अपर निदेशक श्री पालीवाल को स्मृति चिह्न भेंट किया गया।

## 23rd Professional Course for IAS Probationary Officer of Uttarakhand Cadre



Six weeks Institutional Training under the Professional Training Programme for the IAS officers of Uttarakhand cadre, 2024 batch was organised from 26th May to 05th July, 2025 at DRSTUAOA, Nainital. This was the 23rd programme of the respective series. 03 officers participated in the training

programme. The training was mainly focused on Structure & concept of Government; Office Management and functioning; Financial rules; Revenue Laws; Land survey; Local laws and acts; Development Administration and Good Governance.

## Training for Officers of Statistics Department



The Centre for Good Governance, DRSTUAoA organized a "Training on Statistical Applications in Policy Formulation for Effective Decision Making for Economics and Statistics Officer Uttar Pradesh" during 02 – 07 June, 2025. The participant officers were provided comprehensive learning experience through a combination of classroom lectures, workshops, field visit and interactive sessions with different stakeholders. Total 37 Participants participated in this training programs.

**The objective of the training program :**

- To improve the statistical capacity and operations of state statistical systems to collect, compile, and disseminate reliable official statistics.
- To empower officers with expertise in survey design, research methodology, sample selection, and data collection techniques to ensure data quality and reliability.

## Experiential Learning Tools (ELT)



ELT (National) programme was conducted in Academy from 09th to 13th June, 2025. ELT aims at equipping the participants with skills relevant to the learner-centred training process through the mode of Experiential Learning; particularly in the application of identified training methodologies namely Case Study, Field Visit and Role Play; besides appropriately using Skill Development Exercises. Total 15 Participants participated in the programme.

## Training on Office Management



The State Institute of Urban Development (SIUD), Dr. Raghunandan Singh Tolia Uttarakhand Academy of Administration, conducted a three-day training program on "**Office Management**" from 09th to 11th June, 2025 at Academy, Nainital. A total of 26 participants from various Urban Local Bodies & parastatal organisations participated in the program.

**The objective of the training program :**

- To familiarize participants with essential administrative functions in accordance with established protocols and legal requirements.
- To build proficiency in file systems, noting, drafting, letter writing, and record management techniques.

## Faecal Sludge and Septage Management (FSSM)



The State Institute of Urban Development (SIUD), Dr. Raghunandan Singh Tolia Uttarakhand Academy of Administration, conducted a three-day training program on "**Faecal Sludge and Septage Management (FSSM)**" from 11th to 13th June, 2025 at Uttarakhand Institute of Rural Development and Panchayati Raj (UIRDPR) Rudrapur. A total of 25 participants from various Urban Local Bodies & parastatal organisations participated in the program.

**The objective of the training program :**

- To provide comprehensive training to field-level engineers on the fundamentals and advanced concepts of FSSM.

संघर्ष जितना मुश्किल हो जीत उतनी ही शानदार होगी : स्वामी विवेकानंद

- To enhance the technical skills of engineers in preparing accurate, complete, and regulation-compliant DPRs for FSTPs and co-treatment plants.
- To facilitate exposure visits to operational co-treatment plants within the state, offering practical insights and real-world learning opportunities.

## Urban Agenda 2030 & Sustainable Development Goals”



The State Institute of Urban Development (SIUD), Dr. Raghunandan Singh Tolia Uttarakhand Academy of Administration, conducted a three-day training program on “**Urban Agenda 2030 & Sustainable Development Goals**” from 16th to 18th June, 2025 at the Academy, Nainital. A total of 21 participants from various Urban Local Bodies & parastatal organizations participated in the program.

**The objective of the training program :**

- To enhance understanding of global and national SDGs frameworks, particularly their importance in urban governance.
- To discuss India's progress and state-specific efforts toward achieving SDGs through localized planning and implementation strategies.
- To analyze SDG 11 and SDG 6 in the context of urban challenges.

## Training Events July, 2025

| S.N. | Name of the Training Programme | From | To | Course Director |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Orientation Training program for Elected Representative of Uttarakhand (Outreach) | 02.07.2025 | 03.07.2025 | Manoj Pande |
| 2. | Training cum Study tour of Combined Foundation Course Trainee Officers of BIPA&RD | 07.07.2025 | 12.07.2025 | Dr. Anil Kumar Mishra |
| 3. | 3rd Special Foundation Course for Junior Engineers for Awas Department | 03.07.2025 | 15.07.2025 | Kruti Barpete |
| 4. | Gender Equality, Disability and Social Inclusion in Sanitation | 08.07.2025 | 09.07.2025 | Manoj Pande |
| 5. | Orientation Training Programme for Judicial Officers | 07.07.2025 | 11.07.2025 | V. K. Singh |
| 6. | Training cum Study tour of Combined Foundation Course Trainee Officers of BIPA & RD | 14.07.2025 | 19.07.2025 | Dr. Anil Kumar Mishra |
| 7. | Induction Training Programme for Newly Recruited Chairpersons and Members of Child Welfare Committee of Uttarakhand : NIPCCED | 14.07.2025 | 26.07.2025 | Dr. Anil Kumar Mishra |
| 8. | Finance and Procurement Rule - NHM | 30.07.2025 | 02.8.2025 | Ragini Tewari |
| 9. | Mid –Term Refresher Course for Personal Secretary Cader : Uttarakhand Secretariat | 30.07.2025 | 01.08.2025 | Dr. Mahesh Kumar |

डॉ. आर.एस. टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी
आर्डवेल कैम्प, नैनीताल – 263001
**Dr. R. S. Tolia Uttarakhand Academy of Administration**
**Ardwell Camp, Nainital - 263001**

Phone फोन : 235011
: 236068
: 236149
STD एसटीडी : 05942
E-Mail ई–मेल
directoracademy@hotmail.com